# इंटरनेशनल ट्रेड शो में पहुंचे 3.5 लाख लोग

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन 3.5 लाख से ज्यादा की भीड़ उमड़ पड़ी। शुक्रवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली, गुड़गांव, गाजियाबाद और फरीदाबाद ही नहीं, बल्कि दूसरे शहरों, राज्यों और विदेशों से आने वाले खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ पहुंची। तीसरे दिन लेजर शो, खादी फैशन शो और गायकों ने समां बांध दिया।

यहां नॉलेज सेशन उद्यमियों के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं, क्योंकि उन्हें यहां आसानी से देशी और विदेशी ग्राहक मिल रहे हैं। एक जिला-एक उत्पाद को काफी पसंद किया जा रहा है।

शुक्रवार को फेडरेशन ऑफ एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित सत्र में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में प्रदेश से 20.57 अरब डॉलर का निर्यात हुआ था, जिसमें छोटे उद्यमियों का



ट्रेड शो में फैशन शो विशेष आकर्षण रहा। -संवाद

बड़ा योगदान है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि एक जिला, एक उत्पाद पहल ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक जिला अपनी अनूठी शक्तियों का उपयोग हमारी अर्थव्यवस्था में योगदान देने में हो रहा है। कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि कि यह आयोजन युवाओं को भविष्य संवारने का एक बेहतर मंच दे रहा है। ब्यूरो